## न्यूज डायरी



### अफगानिस्तान को संकट से निकालने पर पश्चिम देशों के राजनयिकों ने दिया जोर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अफगानिस्तान में तालिबान का राज आने के बाद से वहां के हालात काफी खराब हुए हैं। ऐसे में अफगानिस्तान को मानवीय संकट से निकालने के लिए दुनिया भर के देश अपनी–अपनी ओर से कोशिश कर रहे हैं। बीते 24 जनवरी को नार्वे की राजधानी ओस्लो में पश्चिमी देशों के प्रतिनिधियों के साथ तालिबान के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस वार्ता में अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, यूरोपीय संघ और नार्वे के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने अफगानिस्तान की स्थिति पर चर्चा की साथ ही अफगानिस्तान में मानवीय संकट को दूर करने पर जोर दिया। एक संयुक्त बयान में पश्चिमी देशों के राजनयिक ने अफगानिस्तान के मानवीय हालात पर बयान देते हुए कहा कि अफगानिस्तान के मानवीय संकट को दूर करने के तत्काल आवश्यकता है। ताकि अफगान लोगों की पीड़ा को कम किया जा सके। इस दौरान अफगानिस्तान के मानवीय कार्यकर्ताओं, महिला और पुरुषों के लिए उठाए गए कदमों में राहत देने की बात कही गई।

### अमेरिका–कनाडा सीमा के पास मृत मिले भारतीय परिवार की पहचान हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। अमेरिका–कनाडा सीमा के पास मृत मिले 4 भारतीय नागरिकों के एक परिवार की पहचान हो गई है। कनाडा के अधिकारियों ने बताया कि परिवार कुछ समय से देश में था और उन्हें कोई गाड़ी में सीमा पर ले गया था। मामला मानव तस्करी का प्रतीत होता है। मैनिटोबा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान जगदीश बलदेवभाई पटेल (39), वैशालीबेन जगदीशकुमार पटेल (37), विहांगी जगदीश कुमार पटेल (11) और धर्मिक जगदीश कुमार पटेल (3) के तौर पर हुई है। ये लोग गुजरात की राजधानी गांधीनगर के दिलगुचा गांव के रहने वाले थे। ये सभी एक ही परिवार के सदस्य थे, जो 19 जनवरी को कनाडा–अमेरिका सीमा से लगभग 12 मीटर दूर मैनिटोबा के इमर्सन के पास मृत मिले थे।

### जापान में शाही परिवार में कम हो रहे पुरुष शाही वंशज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। राजकुमारी एको, जापान के सम्राट नारुहितो और महारानी मासाको की इकलौती संतान, पिछले महीने 20 बरस की हो गईं। अपने शाही वंश के बावजूद, ऐको सिंहासन पर कभी नहीं बैठ पाएंगी। जापान के लोग एक के बाद एक मतदान में लगातार यह कहते रहे हैं कि उन्हें एक महिला के सम्राट बनने या शाही परिवार की महिला सदस्य की संतान के सम्राट बनने पर कोई एतराज नहीं है। लेकिन जापान का साम्राज्यवादी घरेलू कानून इसकी मनाही करता है और पुरुषों के उत्तराधिकार की डोर कमजोर होने के बावजूद, ऐसा नहीं लगता कि यह जल्द बदल सकेगा। महिला सम्राटों का इतिहास कोशित्सु तेनपन (या शाही घरेलू कानून) केवल पुरुषों को सिंहासन पर बैठने की अनुमति देता है। इससे पहले, जापान में महिला सम्राटों का इतिहास रहा है। जापान की पहली महिला सम्राट जिसे हम नाम से जानते हैं, वह तीसरी शताब्दी में हिमिको थी।

### बलूच विद्रोहियों ने 10 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सेना ने करीब 30 घंटे तक छिपाने के बाद आखिरकार मान लिया है कि बलूच विद्रोहियों ने एक चेकपोस्ट पर भीषण हमला करके उसके कम से कम 10 सैनिकों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान जारी करके बताया कि यह हमला ईरान सीमा पर बलूचिस्तान के केच जिले में हुआ। उसने कहा कि विद्रोहियों के हमले की चपेट में 10 सैनिक आ गए और उनकी मौत हो गई। इस जोरदार हमले में कई पाकिस्तानी सैनिक घायल भी हुए हैं। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि यह खूनी हमला मंगलवार और बुधवार की रात को हुआ। उसने दावा किया कि 3 बलूच विद्रोहियों को पकड़ा भी गया है। इस घटना में शामिल आतंकियों को पकड़ने के लिए धर–पकड़ अभियान को तेज कर दिया गया है।

# रूस और यूक्रेन के झगड़े में चीन ने खेल दिया बड़ा गेम

टेंशन

## चीन के रूस का समर्थन करने से भारत की मुश्किल बढ़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। यूक्रेन को लेकर रूस और अमेरिका समेत नाटो देशों में जंग के मंडराते काले बादलों के बीच चीन ने बड़ा खेल कर दिया है। दक्षिण चीन सागर में चल रहे तनाव के बीच चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने इस पूरे विवाद में खुलकर रूस का समर्थन किया है। वांग यी ने जोर देकर कहा है कि अमेरिका को रूस के वैधानिक सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता के साथ लेना चाहिए। माना जा रहा है कि चीन ने इस मौके को भुनाते हुए रूस की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश की है। उधर, ड्रैगन के इस दांव से भारत की टेंशन बढ़ सकती है।

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने अमेरिका और नाटो देशों पर निशाना साधते हुए कहा, सैन्य ब्लॉक को मजबूत करके या उसे विस्तारित करके क्षेत्रीय सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती है। वांग यी ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन के साथ बातचीत के बाद यह बयान दिया। विश्लेषकों का मानना है कि वांग यी ने यह बयान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को खुश करने के लिए यह बयान दिया है। इससे पहले पुतिन ने कहा था कि यूक्रेन को नाटो का समर्थन रूस की सुरक्षा के लिए खतरा है।



**चीन ने नाटो को शीत युद्ध का अवशेष बताया:** रूस के यूक्रेन सीमा पर 1 लाख सैनिकों को जमा करने के बाद अब तक चीन ने चुप्पी साध रखी थी और इतना कह रहा था कि दोनों पक्ष बातचीत के जरिए विवाद का समाधान करें। चीनी विदेश मंत्री के इस बयान के बाद यह भी साफ हो गया है कि अमेरिका और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच वर्चुअल मुलाकात के बाद भी दोनों देशों के बीच तनाव कम नहीं हुआ है। उधर, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने तो तंज कसते हुए नाटो को शीत युद्ध का अवशेष बता दिया और कहा कि उसे कोल्ड वार की मानसिकता को छोड़ना चाहिए।

इस बीच रूस ने कहा है कि यूक्रेन संकट को हल करने के लिए रूस की मुख्य मांगों पर अमेरिका के इनकार से आशावाद के लिए बहुत कम गुंजाइश बचती है। साथ ही कहा कि बातचीत अभी भी मुमकिन है। रूस ने यूक्रेन की सीमा के पास 1,00,000 से अधिक सैनिकों का जमावड़ा कर रखा है जिससे इस क्षेत्र में युद्ध की आशंका तेज हो गई है। रूस ने लगातार इस बात से इनकार किया है कि वह हमले की योजना बना रहा है, लेकिन अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों का मानना है कि रूस युद्ध की ओर बढ़ रहा है तथा इसके लिए तैयारी कर रहा है। **रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है, न कोई बदलाव होगाः अमेरिका** रूस ने कई मांगें रखी हैं जिसके बारे में उसका कहना है इससे यूरोप में सुरक्षा की स्थिति में सुधार होगा। जैसा कि अपेक्षित था, अमेरिका और पश्चिमी गठबंधन ने बुधवार को मास्को के मुख्य बिंदुओं पर किसी भी तरह की रियायत को दृढ़ता से खारिज कर दिया। अमेरिका ने यूक्रेन को नाटो में शामिल होने से स्थायी रूप से प्रतिबंधित करने से इनकार कर दिया।

## सहयोगी दलों के निशाने पर आए इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के एक सहयोगी दल ने पीएम इमरान खान पर नवाज शरीफ के चक्कर में आम लोगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग–कायद का आरोप है कि इमरान खान पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को वापस लाने में समय बर्बाद कर रहे हैं, जिस वजह से आम लोगों के मुद्दों की अनदेखी हो रही है। पार्टी ने कहा अगर इसी तरह चलता रहा तो देश का ऊपर वाला ही मालिक है। केंद्र और पंजाब में सत्तारूढ़ इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई की एक प्रमुख सहयोगी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–कायद ने कहा है कि, सरकार को नवाज शरीफ को वापस लाने के प्रयासों में अपना समय बर्बाद करना बंद करना चाहिए। खबर के अनुसार, पीएमएल क्यू के अध्यक्ष चौधरी शुजात हुसैन ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि सरकार नवाज को वापस नहीं ला पाएगी, जो 2019 से लंदन में रह रहे हैं।

बता दें कि, नवंबर 2019 में नवाज शरीफ ने पाकिस्तान छोड़ दिया था, और इमरान सरकार की मंजूरी के बाद लंदन में चिकित्सा उपचार के लिए चले गए थे। हालांकि 71 साल के नवाज शरीफ पाकिस्तान में भ्रष्टाचार के दो मामलों में दोषी ठहराए गए हैं।




चीन के शिंजियांग प्रांत जाएंगे संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद लंबे वक्त से चीन के शिंजियांग प्रांत में जाने की अनुमति मांग रहा था। जिसको लेकर अब ड्रैगन ने सहमति व्यक्त की है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक चीन ने बीजिंग ओलंपिक खेलों के समापन के बाद UNHRC प्रमुख के दौरे पर सहमति व्यक्त की है। जानकारों का मानना है कि शिंजियांग में उइगर, कजाख और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों को गंभीर तौर से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें सामूहिक कारावास समेत उत्पीड़न का सामना कर पड़ रहा है, जो मानवाधिकार का साफ तौर पर उल्लंघन है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों ने उइगर मुस्लमानों के साथ चीन में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर आलोचना की है।

## वुहान के वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी दक्षिण अफ्रीका में मिला नया कोरोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वुहान। कोरोना वायरस के सबसे पहले गढ़ चीन के वुहान शहर के वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि एक नया कोरोना वायरस NeoCov दुनिया में दस्तक दे चुका है। यह नया कोरोना वायरस बहुत ही ज्यादा संक्रामक है और इससे संक्रमित प्रत्येक 3 में से 1 मरीज की मौत हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह नया कोरोना दक्षिण अफ्रीका में मिला है। हालांकि वैज्ञानिकों ने यह भी कहा कि यह नियोकोव कोरोना वायरस नया नहीं है। राहत की बात यह है कि नया कोरोना वायरस अभी इंसानों में नहीं फैला है। रूसी न्यूज एजेंसी स्पुतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक यह नियोकोव कोरोना वायरस मर्स कोव वायरस से जुड़ा हुआ है। सबसे पहले साल 2012 और 2015 में पश्चिम एशिया के देशों में इसके प्रकोप का पता चला था। यह SARS-CoV–2 की तरह से जिससे इंसानों में कोरोना वायरस का संक्रमण होता है। दक्षिण अफ्रीका में अभी यह निओकोव वायरस चमगादड़ के अंदर देखा गया है और यह अभी केवल पशुओं में ही देखा गया है।

**इससे संक्रमित 3 में से 1 मरीज की मौत हो सकती है**

नए कोरोना वायरस में मर्स और वर्तमान कोरोना वायरस के गुण बेवसाइट पर प्रकाशित शोध के मुताबिक छमवब्वट और उसका नजदीकी सहयोगी PDF–2180–CoV इंसानों को संक्रमित कर सकता है। वुहान विश्वविद्यालय और चाइना अकादमी ऑफ साइंसेज के शोधकर्ताओं के मुताबिक इस नए कोरोना वायरस के इंसानों की कोशिकाओं को संक्रमित करने के लिए केवल एक म्यूटेशन की जरूरत है। शोध में कहा गया है कि NeoCoV वायरस में MERS की तरह से ही बहुत ज्यादा मरीजों की मौतें हो सकती हैं। यह आंकड़ा प्रत्येक 3 में से 1 मरीज हो सकता है।

वहीं इस NeoCoV वायरस में वर्तमान SARS-CoV–2 कोरोना वायरस के गुण हैं जो उसे अत्यधिक संक्रामक बनाता है।

### जो बाइडन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से की फोन पर बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। यूक्रेन–रूस संकट के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बात की और रूस द्वारा आगे आक्रमण करने पर उसका साथ देने का भरोसा दिलाया। बाइडन ने इस दौरान रूस के यूक्रेन पर और आक्रमण करने पर ‘निर्णायक प्रतिक्रिया’ के लिए अमेरिका की अपने सहयोगियों और भागीदारों के साथ तैयारी की पुष्टि भी की। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि बातचीत के दौरान, बाइडन ने यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। बाइडन ने उल्लेख किया कि अमेरिका ने पिछले वर्ष में यूक्रेन को विकास और मानवीय सहायता में आधा बिलियन डॉलर से अधिक प्रदान किया है और रूस के सैन्य निर्माण के परिणामस्वरूप दबाव के बीच यूक्रेन की अर्थव्यवस्था की मदद करने के लिए अतिरिक्त व्यापक आर्थिक सहायता भी देने का आश्वासन दिया।